मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
MADHYA PRADESH EMPLOYEES SELECTION BOARD(ESB)

'चयन भवन' मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल–462011

Phone : +91-755-2578801-04, Fax : +91-755-2550498

E- Website : www.esb.mp.gov.in

//शुद्धिपत्र//

समूह–5 संयुक्त भर्ती परीक्षा–2024 के अंतर्गत केवल ए.एन.एम. (महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) पद से संबंधित याचिकाओं में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश के अंतर्गत आवेदन करने हेतु सूचना

मध्यप्रदेश शासन, स्वास्थ्य सेवाएं एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत समूह–5 नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2024 के अंतर्गत केवल **ए.एन.एम. (महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) पद** से संबंधित याचिकाओं कमांक 1095/2025 एवं 1950/2025 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिकाकर्ताओं को उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन–पत्र जमा करने के लिए अंतरिम राहत प्रदान की गई है । अतः माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश के परिपालन में उक्त याचिकाओं के याचिकाकर्ता तथा याचिकाओं में समाहित बिंदुओं के अंतर्गत आने वाले ऐसे समस्त आवेदक दिनॉंक 07/02/2025 से 13/02/2025 तक अपने ऑनलाईन आवेदन–पत्र एम.पी.ऑनलाईन की वेबसाईट www.mponline.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं ।

आवेदक यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा आवेदन–पत्र में दी गई संपूर्ण जानकारी पूर्णतः सत्य है, किसी भी स्तर पर आवेदक द्वारा प्रदत्त जानकारी असत्य पाये जाने पर उनकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है । आवेदक द्वारा निर्धारित अवधि तक आवेदन–पत्र नहीं भरने पर परीक्षा में सम्मिलित नहीं किये जा सकेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं आवेदक/याचिककर्ता की होगी।

परीक्षा उपरांत उपरोक्तानुसार आवेदित समस्त याचिकाकर्ता/आवेदकों की अभ्यर्थिता पूर्णतः प्रावधिक रहेगी एवं उनके परीक्षा परिणाम माननीय उच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय तक with-held रहेंगे ।

नियंत्रक
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल